सं. 05/02/2022 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 13 जुलाई, 2023

## कार्यालय आदेश

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के श्री संदीप मोहन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिनांक 06 जुलाई, 2023 के आदेश सं. ए – 19/जी-ए/133 के अनुसरण में दिनांक 07.07.2023 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त श्री कमलेश धमुनया, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के दिनांक 07 जुलाई, 2023 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए – 20012/1/2021 – प्रशा. डीएआरपीजी (7123) के अनुसरण में दिनांक 11.07.2023 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण किया। श्री संदीप मोहन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा श्री कमलेश धमुनया, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी का निम्नानुसार स्थानांतरण किया जाता है:-

| क्र.सं. | नाम / पदनाम | वर्तमान तैनाती | तैनाती का कार्यालय |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संदीप मोहन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | राजभाषा विभाग | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (सहायक निदेशक के रिक्त पद के एवज में) |
| 2. | श्री कमलेश धमुनया, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | राजभाषा विभाग | आर्थिक कार्य विभाग |

2. राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान श्री संदीप मोहन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को दिनांक 07 जुलाई, 2023 पूर्वाह्न से 13 जुलाई, 2023 अपराह्न तक की अवधि के दौरान अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) तथा श्री कमलेश धमुनया, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को दिनांक 11 जुलाई, 2023 पूर्वाह्न से 13 जुलाई, 2023 अपराह्न तक की अवधि के दौरान अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) में रखा गया। अनिवार्य प्रतीक्षा की अवधि के वेतन का भुगतान संबंधित कार्मिकों की तैनाती के मंत्रालय/विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

3. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

13/07/2023

**(राजेश कुमार)**
**सहायक निदेशक (सेवा)**

सेवा में

1. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि श्री संदीप मोहन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
2. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि श्री कमलेश धमुनया, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
3. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।
4. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
5. श्री संदीप मोहन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
6. श्री कमलेश धमुनया, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
7. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
8. गार्ड फाईल।

-----